हिन्दी टंकण (सिद्धान्त)

(217)

समय : 1½ घण्टे] [पूर्णांक : 30

निर्देश : (i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं।

(iii) प्रश्न की क्रम संख्या अवश्य लिखें।

(iv) उत्तर स्पष्ट एवं संक्षिप्त होने चाहिए।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. पत्र में विषय से पूर्व कितनी पंक्ति का अंतर देना चाहिए? 1

2. 'क' अक्षर को किस अंगुली से टाइप किया जाता है? 1

3. सारणी कितनी पंक्ति के अंतर से टाइप करनी चाहिए? 1

4. पाण्डुलिपि में // चिह्न को किसके लिए प्रयुक्त किया जाता है? 1

5. टंकण से पूर्व एवं पश्चात् कितने स्पेस देने चाहिए? 1

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 2×2=4

(क) मानक टाइप मशीन

(ख) ग्राफ्टिंग प्रणाली

(ग) पेपर रिलीज़ लीवर

(घ) कैरिज

7. पाण्डुलिपि में निम्नलिखित के लिए किन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है : 3

(क) शब्दों में लिखिए

(ख) हाइफ टाइप करना

(ग) मध्य में टाइप करना

8. बैक-स्पेसर के प्रयोग संक्षेप में लिखिए। 3

9. टाइपराइटर की सुरक्षा एवं खयाल के नियम संक्षेप में लिखिए। 5

अथवा

सरकारी पत्र का प्रारूप बनाइए।

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्दों का पंक्ति के अंत में विभाजन कीजिए : 5

सरलतापूर्वक; सारगर्भित; महत्त्वहीन; हस्तक्षेप; शिक्षाप्रद; दिल्ली; पंक्तिबद्ध।

11. कुंजियाँ कितने प्रकार की हैं? उनके नाम एवं प्रयोग संक्षेप में लिखिए। 5

★ ★ ★